>

Title: Need to establish a Central University and a Kendriya Vidyalaya in Latur district, Maharashtra - Laid.

श्रीमती रूपाताई डी. पाटील (लातूर) : अध्यक्ष महोदय, सरकार ने वÂर्ष 2014 तक 30 नए विश्वविद्यालय स्थापित करने की योजना बनाई है, जिनमें से 16 विश्वविद्यालय उन राज्यों में खोले जायेंगे, जहां एक भी केन्द्रीय विश्वविद्यालय नहीं है। मैं महाराÂष्ट्र के लातूर जिले से आती हूं। यहां पर अभी तक एक भी केन्द्रीय विद्यालय तक की स्थापना नहीं की गयी है। इस विषय को मैंने बजट सतृ में 30 अप्रैल, 2007 को शून्य काल में उठाया था और मांग की थी कि मेरे चुनाव क्षेतृ लातूर में केन्द्रीय विद्यालय स्थापित किया जाये। लातूर एक पिछड़ा क्षेतृ है। इस क्षेतृ के लोगों ने भंयकर भूकंप की मार झेली है। यहां पर सभी निजी क्षेतृ के विद्यालय और महाविद्यालय होने के कारण यहां के लोगों को शिक्षा लेने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि यहां के सभी निजी क्षेतृ के प्रबंधक प्रवेश के लिए बहुत ज्यादा पैसे लेते हैं, इसलिये उनकी यह मांग मध्यवर्गीय लोग पूरी नहीं कर पाते हैं। इस वजह से यहां पर आम आदमी को बहुत परेशानी हो रही है और उच्च श्रेणी की शिक्षा से अकारण वंचित रह जाते हैं। इसलिये केन्द्रीय विद्यालय एक ही ऐसा विकल्प है, जिससे यहां के प्रतिभाशाली छात्रों को कम खर्च में बेहतर शिक्षा उपलब्ध करा सकती है। इसलिये इस विषय को ध्यान में रखकर तत्काल लातूर जिले में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना की जाये। इसी तरह इस भूकंप प्रवण क्षेतृ के लिए उच्च शिक्षा के विस्तार हेतु केन्द्रीय विश्वविद्यालय भी स्थापित किया जाये।

आपके माध्यम से मैं सरकार से आग्रह करती हूं कि लातूर जिले में केन्द्रीय विद्यालय और केन्द्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने के लिए सरकार प्राथमिकता के आधार पर निर्णय लें।